THE STATE EDUCATION DEPARTMENT /
THE UNIVERSITY OF THE STATE OF NEW YORK / ALBANY, NY 12234

**Office of Billingual Education and World Languages**

55 Hanson Place, Room 594
Brooklyn, New York 11217
Tel: 718-722-2445 Fax: 718-722-2459

89 Washington Avenue, Room 528EB
Albany, New York 12234
Tel: 518-474-8775 Fax: 518-474-7948

# न्यूयार्क राज्य के अंग्रेजी भाषा सीखने वालों के लिए माता-पिता के अधिकारों का विधेयक (बिल)

न्यूयॉर्क राज्य शिक्षा विभाग (एनवाईएसईडी) आयुक्त अधिनियम भाग 154 (New York State Education Department (NYSED) Commissioner Regulations Part 154) आपको - अंग्रेजी भाषा सीखने वालों (ईएलएस) (English Language Learners (ELLs) के माता-पिता / संरक्षक - को निम्नांकित अधिकारों के बारे में सूचनाएँ प्रदान करता है:

1. जिस स्कूल डिस्ट्रिक्ट में आप रहते है, और जो भाषा आप और आपके बच्चे बोलते ह, वहाँ और उस भाषा मं नि: शुल्क सार्वजनिक शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है कि आपकी या आपके बच्चे के आव्रजन की स्थिति क्या ह (उदाहरण के लिए, चाहे आपके परिवार के सदस्य नागरिक है, आप्रवासी, सूचीबद्ध)।

2. जिन सूचनाओं से आपके या आपके बच्चे के आव्रजन की स्थिति का सार्वजानिक हो सकती है, उन सूचनाओं के बिना किसी कागजी करवाई या बिना उनके बारे में कोई प्रश्न पूछे अपने बच्चे को उस स्कूल में नामांकित करवाने का अधिकार। आप से सामाजिक सुरक्षा कार्ड या संख्या (social security card or number), आव्रजन वीजा या वीजा की स्थिति, या नागरिकता से संबंधित दस्तावेज या नागरिकता का दर्जा से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नहीं कहा जा सकता है।

3. डिस्ट्रिक्ट स्कूल के साथ महत्वपूण बातचीत के लिए अपनी पसंद की भाषा में एक योग्य दुभाषिया / अनुवादक रखने का संघीय कानून के अंतर्गत अधिकार।

4. एक द्विभाषी शिक्षा (बीई) (Bilingual Education (BE)) कार्यक्रम में अपने बच्चों को शामिल कराने का अधिकार, वहाँ 20 या उससे अधिक ग्रेड-स्तर के छात्र एक ही गृह/ प्राथमिक भाषा में वार्तालाप करते हैं। [1]

5. अंग्रेजी और आपकी पसंदीदा भाषा में लिखित सूचना प्राप्त करने का अधिकार कि आपके बच्चे की पहचान एक ईएलएलएस (ELLs ) के रूप में की गई है और उसे द्विभाषिक शिक्षा या एक नए भाषा के रूप में अंग्रेजी (English as a New Language) शिक्षण (पूर्व में इसे 'दूसरी भाषा के रूप मं अंग्रेजी' कहा जाता था) formerly called English as a Second Language) कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।[2]

6. आपके डिस्ट्रिक्ट स्कूल द्वारा उपलब्ध कराया जाने वाला उच्च गुणवत्ता वाला अनुकूलन सत्र प्राप्त करने के अधिकार, जो कि राज्य क मानकों, परीक्षाओं, और ईएलएलएस (ELLs) के लिए स्कूल की अपेक्षाओं, के साथ-साथ ही एक नई भाषा के रूप में द्विभाषी शिक्षा और अंग्रेजी के लिए कार्यक्रम के लक्ष्यों और आवश्यकताओं पर केंद्रित होता है। इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन अंतिम स्कूल कार्यक्रम प्लेसमेंट से पहले अवश्य होना चाहिए, और इसे अवश्य ही आपकी पसंद की भाषा में होना चाहिए।

7. अपने बच्चों के अंग्रेजी भाषा के विकास के साथ ही उसके गृह भाषा के विकास के बारे में सूचना प्राप्त करने का अधिकार, यदि वह द्विभाषी शिक्षा कार्यक्रम में भाग ले रहा है।

8. अन्य सामान्य रूप से आवश्यक बैठकों के अतिरिक्त, वर्ष मं कम-से-कम एक बार स्कूल के कर्मचारियों से मिलने का अधिकार, ताकि अपने बच्चे के समग्र सीखने और भाषा के विकास की प्रगति के संबंध में उनके साथ विचार विमर्श किया जा सके।

9. नामांकन के 10 दिनों के भीतर एक द्विभाषी शिक्षा कार्यक्रम या एक नए भाषा के रूप में अंग्रेजी शिक्षा कार्यक्रम में आपके बच्चे को शामिल किए जाने का अधिकार, और द्विभाषी शिक्षा कार्यक्रम से बाहर निकलने का अधिकार। कम से कम, आपके बच्चे को एक नई भाषा के रूप में अंग्रेजी की शिक्षा प्राप्त करनी चाहिए।

10. आपके बच्चे को आपके डिस्ट्रिक्ट के किसी अन्य स्कूल में स्थानांतरित होने का अधिकार जो आपकी भाषा म द्विभाषी शिक्षा प्रदान करता है, यदि आपके बच्चे का मल स्कूल ऐसा कार्यक्रम उपलब्ध नहीं कराता है।

11. आपके स्कल डिस्ट्रिक्ट द्वारा उपलब्ध कराया जाने वाले कार्यक्रमों और सेवाओं को आपके बच्चे द्वारा, उसकी आयु और ग्रेड के स्तर के अनुसार प्राप्त करने का समान अधिकार, इसमें ग्रेजुएशन करने के साथ-साथ अन्य छात्रों को उपलब्ध सभी स्कूल कार्यक्रम भी शामिल हैं।

12. आपके बच्चे का सभी मूल शिक्षण सामग्री से संबंधित निर्देशों, और अंग्रेजी और अन्य भाषा जैसे पठन/ भाषा कला-विषय, गणित, विज्ञान, और सामाजिक अध्ययन को उसी स्तर पर प्राप्त करने का अधिकार जैसा कि अन्य बच्चे प्राप्त करते है। ईएलएल (ELL) सेवा प्राप्त करने के योग्य होने का अर्थ मुख्य शिक्षण सामग्री को प्राप्त करने की क्षमता को सीमित करना नहीं है।

13. पाठ्येतर (एक्स्ट्रकरिक्यलर) गतिविधियों (स्कूल के बाद क्लब, खेल-कूद, आदि) में भाग लेने का आपके बच्चे का पूर्ण अधिकार। ईएलएल (ELL) सेवा प्राप्त करने के योग्य होने का अर्थ पाठ्येतर (एक्स्ट्रकरिक्यलर) गतिविधियों में भाग लेने के अवसरों को सीमित करना नहीं है।

14. स्कूल/डिस्ट्रिक्ट द्वारा सभी छात्रों को किसी हस्तक्षेप योजना के साथ संरेखित करते हुए उपलब्ध कराए जाने वाले समर्थन सेवाओं (उदाहरण के लिए, शैक्षणिक हस्तक्षेप सेवाएँ) को प्राप्त करने का आपके बच्चे का अधिकार।

15. वार्षिक रूप से अपने बच्चे की जाँच करवाने का अधिकार ताकि उसके अंग्रेजी भाषा में प्रगति का निर्धारण किया जा सके, और न्यूयॉर्क राज्य परीक्षण सहित शैक्षिक परीक्षाओं में अपने बच्चों के प्रदर्शन के बारे में जानकारी प्राप्त की जा सके।

16. अपने बच्चे के ईएलएलएस (ELLs) में रहते हुए ही, अपने बच्चे को निरंतर वर्ष दर वर्ष द्विभाषिक शिक्षण या नई भाषा के रूप में अंग्रेजी (English as a New Language) कार्यक्रम में नामांकित कराते रहने का अधिकार।

17. यदि उपरोक्त में से किसी भी अधिकारों का उल्लंघन किया जाता है, तो न्यूयॉर्क राज्य शिक्षा विभाग के द्विभाषी शिक्षा और विश्व की भाषा कार्यालय (New York State Education Department's Office of Bilingual Education and World Languages) से संपर्क करने का अधिकार।

कृपया **ईएलएल पैरेंट हॉटलाइन** (ELL Parent Hotline) को **1-800-469-8224 पर कॉल करें**, या ईमेल करें: nysparenthotline@nyu.edu

अधिक जानकारी के लिए: **www.p12.nysed.gov/biling** पर विजिट करें
या हमें लिखें:

New York State Education Department
Office of Bilingual Education & World Languages
55 Hanson Place, Room 594
Brooklyn, New York 11217

[1] न्यूयॉर्क शहर में, अस्पिरा कंसेंट डिक्री (Aspira Consent Decree) के अनुसार, यदि दो सन्निहित ग्रेड में 15 या उससे अधिक ग्रेड-स्तर के छात्र एक ही भाषा बोलते हैं तो के-8 ग्रेड में एक बीई (BE) कार्यक्रम उपलब्ध कराना आवश्यक है। अगर स्कूल में अहर्ता प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या पर्याप्त नहीं है, परंतु वे डिस्ट्रिक्ट के भीतर हैं, तो डिस्ट्रिक्ट को कार्यक्रम अवश्य प्रदान करना चाहिए।

[2] सभी ईएलएलएस (ELLs) अपने अंग्रेजी कौशल को "अंग्रेजी एक नई भाषा के रूप में" पाठ्यक्रमों के माध्यम से विकसित करते हैं। इसके अलावे, द्विभाषी शिक्षा कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र घर भाषा कला (Home Language Arts) का अभी अध्ययन करते है। पाठ्यक्रम के मुख्य विषयों (अर्थात, गणित, विज्ञान, और सामाजिक अध्ययन) दोनों को अंग्रेजी और उनके गृह भाषा में एक द्विभाषी शिक्षा कार्यक्रम के रूप में पेश किया जाता हैं। जो लोग द्विभाषी शिक्षा कार्यक्रम में शामिल नहीं होते हैं, वे पाठ्यक्रम के मुख्य विषयों का अध्ययन *अंग्रेजी* भाषा में करते हैं।